बुलाये जिसे श्याम | By Sunny Hari

जिसे बुलाये श्याम हमारा वही तो खाटू जाता है
श्रद्धा से जो शीश झुकाये वही तो दर्शन पाता है

तेरे नाम की माला बाबा जपता है संसार
श्याम हमारा हर भक्तों का करता है उद्धार
श्याम तेरे दरबार से कोई खाली हाथ ना जाता है
जिसे बुलाये श्याम हमारा वही तो खाटू जाता है

खाटू वाला सच्चा साथी सबका साथ निभाए
तू भी उनको देख बुलाकर एक क्षण में आ जाए
सच कहता हूँ बाबा मेरा सबकी लाज बचाता है
जिसे बुलाये श्याम हमारा वही तो खाटू जाता है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a5%81%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%9c%e0%a4%bf%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-sunny-hari/